

## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर कल

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सरकंडा पुलिस थाना के पास बहतराई रोड बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। जिसमें डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे ,डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रहेगी । इस निशुल्क शिविर में आसपास के मरीजों से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ लेने के लिए शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 12 को आयोजित

**सक्ती।** जिला पंचायत सक्ती में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 12 जनवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सक्ती के सभा कक्ष में किया जाएगा। बैठक के एजेंडावार विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें पूर्व बैठक में पारित प्रस्ताव का पालन प्रतिवेदन के सम्बन्ध में चर्चा और अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर भी चर्चा किया जाएगा।

### जैजैपुर के आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 12 को

**सक्ती।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) जैजैपुर में सोमवार 12 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अप्रेंटिसशिप मेला में जिला सक्ती के अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के सभी व्यवसायों के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। यह मेला प्रशिक्षणार्थियों को अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने हेतु आयोजित किया जा रहा है।

### हसौद में रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कल

**हसौद।** हसौद में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन डांडिया रास गरबा महिला समिति के तत्वावधान में रविवार 11 जनवरी को हसौद के पुराना मंडी परिसर में आयोजित होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10 बजे से किया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5 हजार रुपये, द्वितीय 4 हजार रुपये, तृतीय 3 हजार रुपये, चतुर्थ 2 हजार रुपये एवं पंचम पुरस्कार 1 हजार रुपये रखा गया है। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 4 हजार रुपये, द्वितीय 3 हजार रुपये, तृतीय 2 हजार रुपये, चतुर्थ 15 सौ रुपये एवं पंचम पुरस्कार 11 सौ रुपये प्रदान किए जाएंगे।

### शादी का झांसा देकर बालिका का अपहरण मामले में आरोपी व सहयोगी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपहरण करने के मामले में मुख्य आरोपी सहित उसके सहयोगी दोस्त को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अपहरण में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक नाबालिग बालिका 5 जनवरी को अपनी दीदी के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थी, जो शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। अपहृत नाबालिग बालिका को नागेश कुमार सूर्यवंशी के कब्जे से सुरक्षित बरामद किया। अपहरण करने वाले उसके साथी गुलशन टैगोर को भी गिरफ्तार किया गया।


अकलतरा संग्रहण केन्द्र में लगी भूसे की ढेरी।


कंकड में तब्दील हुआ धान।

### अकलतरा व अमरताल संग्रहण केन्द्र में 50 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव शेष

# ...तो भूसे के ढेर व सड़ी बोरियों से निकालेंगे 15 करोड़ का धान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के संग्रहण केन्द्र अकलतरा और अमरताल में बीते वर्ष भंडारित धान में से 50 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव शेष है। खास बात यह है कि मौके पर भूसे की ढेरी और सड़ी बोरियों के स्टेग के अलावा और कुछ नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में यहां 15 करोड़ से अधिक के धान का उठाव कहां से होगा, यह सवाल उठने लगा है।

गौरतलब है कि बीते वर्ष समर्थन मूल्य पर हुए धान खरीदी के दौरान मिलरों द्वारा किए गए उठाव के अलावा धान संग्रहण केन्द्र भी खोले गए थे। इस दौरान जिले के अकलतरा संग्रहण केन्द्र में 7 लाख 50 हजार क्विंटल धान संग्रहित किया गया था। इसी तरह अमरताल में 2 लाख 85 हजार क्विंटल धान रखा गया था। इसकी निगरानी को लेकर जिला विपणन संघ द्वारा सीसी कैमरे लगाने के



साथ दुनिया भर के दावे किए गए थे। इसके बाद संग्रहित धान का जब उठाव किया गया तो बड़ी मात्रा में धान की कमी बताई जा रही है। बताया जाता है कि अकलतरा संग्रहण केन्द्र में 48 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है, जबकि मौके पर भूसा की ढेरी और सड़ी बोरियों में भरे खराब धान कंकड, पत्थर के अलावा और कुछ नहीं है। इसी तरह अमरताल में 25 सौ क्विंटल धान का उठाव शेष है और वहां स्थिति भी कमोबेस यही है। उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर की गई धान खरीदी की कीमत का आंकलन किया जाए तो यहां 15 करोड़ से अधिक का धान का उठाव होना है और मौके पर सिवाय वेस्ट मटेरियल के और कुछ नहीं है। सूत्रों की माने तो इसको लेकर लीपापोती करने डीओ के माध्यम से भरपाई करने का खेल भी हो रहा है।

#### कराएंगे भौतिक सत्यापन

दोनों संग्रहण केन्द्रों से करीब 50 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है। संग्रहण केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कराएंगे। इसके बाद जो स्थिति बनेगी, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**-रमेश कुमार लहरे,**
जिला विपणन अधिकारी
जांजगीर चांपा

## हसदेव स्कूल की बस को ट्रेलर ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे बच्चे

### बम्हनीडीह-चांपा मार्ग पर हुआ हादसा, आरोपी ट्रेलर चालक फरार



दुर्घटनाग्रस्त बस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बम्हनीडीह-चांपा मार्ग पर उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया जब हसदेव पब्लिक स्कूल चांपा की खड़ी बस को पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय कुछ ही बच्चे बस में सवार थे जिन्हें मामूली चोटें आयी है। दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि वह नशे की हालत में था। मामले में पुलिस अपराध कायम कर जांच कर रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मड़वा रोड में संचालित हसदेव पब्लिक स्कूल की बस क्रमांक सी.जी.11 - बी.जे.1357 हमेशा की तरह शुक्रवार 9 जनवरी को सुबह बम्हनीडीह क्षेत्र के स्कूली छात्रों को लेने निकली थी। मार्ग में करीब 9 बजे जब बम्हनीडीह के आगे बस सड़क किनारे खड़ी थी तो उसे पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे के दौरान बस में कुछ बच्चे ही सवार थे जिन्हें मामूली चोटें आयी है। बताया जाता है कि दुर्घटनाकारित ट्रेलर का चालक हादसे के दौरान नशे की गिरफ्त में था जो दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही बच्चों के अभिभावक सहित स्कूल प्रबंधन के लोग मौके पर पहुंच गये और बस में सवार सभी बच्चों को बस से उतारकर जिन्हें जरुरत थी उनका प्राथमिक उपचार कराया गया। यह तो गनीमत रही कि टक्कर से बस नहीं पलटी और उसमें सवार सभी बच्चों को गंभीर चोटें नहीं आने से एक बड़ा हादसा घटित होने से रह गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा ट्रेलर चालक के खिलाफ शिकायत बम्हनीडीह थाने में दी गई है। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## किराना दुकान का शटर तोड़कर चोरी, नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नैला स्थित एक किराना दुकान का शटर तोड़कर नगदी समेत सामान की चोरी करने वाले नाबालिग समेत दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- नैला पुलिस चौकी अंतर्गत शहर का मामला

इस संबंध में नैला पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार 6 जनवरी की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नैला रोड स्थित महावीर किराना स्टोर्स दुकान से दुकान का शटर उठाकर नगद रकम व सामान चोरी कर ले गया है। संचालक की रिपोर्ट पर चौकी नैला में धारा 331(4),305(ए) भा.न्या.सं. कायम कर विवेचना में लिया गया। चोरी की प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरुका की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना जांजगीर के रात्रि गस्त अधिकारी से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ लोग देर रात टोली बनाकर दुकान के शटर का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे थे । जिनको मुस्तदी एवं तत्परता से मौके से पकड़ा जिसको पूछताछ करने पर घटना दिनांक को रात्रि में नैला रोड स्थित महावीर किराना स्टोर्स दुकान से दुकान का शटर उठाकर दुकान से सिगरेट के डिब्बे, डियो और नगद रकम चोरी कर आपस में बांट लिये थे, जिसे बरामद किया जाकर मुख्य आरोपी स्वतंत्र यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी नैला उप निरीक्षक भवानी सिंह, सउनि शेख सफीक खान. प्रधान आरक्षक रूद्र कश्यप, आरक्षक डिकेश्वर साहू, जयप्रकाश टन्डन, भुवनेश्वर पटेल, अश्वनी मार्बल एवं थाना जांजगीर के प्रधान आरक्षक राकेश राठौर एवं समस्त रात्रि गस्त पार्टी का विशेष योगदान रहा।

### 6 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने छह लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा गया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बूचीहरदी का है। मिली जानकारी के अनुसार 9 जनवरी को सरोज धनुवार उम्र 27 साल के कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रूपये बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनोहर सिन्हा, प्र.आर. गजाधर पाटनवार, आरक्षक टिकेशवर राठौर, संदीप सोनंत, रज्जू रात्रे, सुमित श्रीवास, संदीप सोनंत, संतोष रात्रे का योगदान रहा।

## शहर के 5 हजार घरों में नहीं लग पाए प्रीपेड मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर शहर में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 15 हजार से अधिक है। इनमें अभी भी 5 हजार घरों में प्रीपेड मीटर नहीं लग पाया है। जिसके कारण विद्युत विभाग के कार्य आधुनिक ढंग से नहीं हो पा रहे हैं हालांकि प्रीपेड मीटर लगाने का काम चल रहा है।

जिला मुख्यालय जांजगीर में विद्युत व्यवस्था और भी दुरुस्त करने के उद्देश्य से शहर के 15 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के घरों तक प्रीपेड मीटर लगाया जाना है, ताकि समय पर बिजली व्यवस्था पहुंचने



के साथ-साथ बिजली बिल जमा नहीं करने पर काटने की व्यवस्था भी बनाई गई है प्रीपेड मीटर लगाने का काम साल भर से चल रहा है जिसके तहत 10 हजार उपभोक्ताओं के घरों में प्रीपेड मीटर लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। वही अभी भी 5 हजार घरों में प्रीपेड मीटर लगाया जाना बाकी है अभी भी कई सरकारी संस्थानों में प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू तक नहीं हो सका है। ऐसे में एक और जहां विद्युत विभाग अपनी व्यवस्था आधुनिक ढंग से करने पर जोर दे रहा है वहीं दूसरी ओर अभी भी कई जगहों पर प्रीपेड मीटर की समुचित व्यवस्था नहीं की जा सकी है। इस मीटर के माध्यम से कंट्रोल रूम रायपुर से कंपनी प्रबंधन को बिजली सप्लाई बंद करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। कुल मिलाकर देखा जाए तो प्रीपेड मीटर की पूरी व्यवस्था कंट्रोल रूम द्वारा संचालित की जा रही है। इसके अलावा जिला मुख्यालय जांजगीर में करीब 15 हजार विद्युत उपभोक्ता है इनमें से कई उपभोक्ता लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किए हैं जिसके कारण उनके करोड़ों रुपए का बिजली बिल बकाया है।

#### चल रहा कार्य

शहर में प्रीपेड मीटर लगाने का काम चल रहा है जिन स्थानों पर उपभोक्ताओं के घरों तक काम नहीं हो पाया है वहां जानकारी लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी

**-अमर चौधरी,**
अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यालय जांजगीर

## भूमि अधिग्रहण से मिले 24 लाख रुपए गबन मामले में 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

भूमि के अधिग्रहण से प्राप्त राशि करीब 24 लाख रुपए को गबन करने के मामले में तीन साल से फरार पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम तरौद का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी योगेन्द्र सिंह चंदेल पिता स्व




बलदाउ सिंह ग्राम तरौद थाना अकलतरा द्वारा 8 मार्च 2023 को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कि तरौद स्थित भूमि जो कि के.एस.के वर्धा पावर प्लांट में अधिग्रहित की गई थी। जिसमें मुआवाजा राशि 24 लाख दिया गया था। जिससे असंतुष्ट होकर उचित मुआवाजा के लिए उच्च न्यायालय बिलासपुर में मामला विचाराधीन था। भूमि के अधिग्रहण से प्राप्त राशि प्रार्थी योगेन्द सिंह एंव उसका भाई स्व. गिरधर सिंह के नाम से फर्जी आधार कार्ड व डीसीबी बैंक जांजगीर से बिना वास्तविक प्रार्थी के खाता खोलवाये बिना अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मुआवजा के राशि को निकल लिया गया। जब डीसीबी बैंक से चेक बुक वास्तविक प्रार्थी के पास डाक के माध्यम से आया तो फर्जीवाड़ा का पता चला, जिस पर से अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धारा 420 भादवि का अपराध पाये जाने से पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दीपक दिवाकर एवं नरेश रत्नाकर दोनो निवासी खम्हरिया थाना लवन से पूछताछ किया गया जो अपने मेमोरण्डम कथन में आरोपी गणो ने बताया कि दीपक दिवाकर के ससुर शंकर भारद्वाज के द्वारा नरियारा निवाशी परमेश्वर एवं झलमला निवाशी विश्राम के साथ मिलकर प्लान तैयार किया गया। मामले में परमेश्वर पाटले, विश्राम भारद्वाज, दीपक दिवाकर, नरेश रत्नाकर, शंकरलाल भारद्वाज को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 एवं 34 के तहत कार्रवाई की गई है।

### विभिन्न धाराओं के तहत 1337 कार्रवाई में दर्ज किए गए प्रकरण

## 9 महीने के भीतर 12 हजार 410 किलो महुआ लहान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आबकारी पुलिस द्वारा 9 महीने के भीतर 12 हजार 410 किलो महुआ लहान जब्त करने के साथ साथ 4 हजार 199 लीटर अवैध शराब जब्त किया है। विभाग के द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत 1337 प्रकरण दर्ज किए है।

ज्ञात हो कि प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीलिमा दिघ्रस्कर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक जिले में अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण से जुड़े मामलों में आबकारी अधिनियम


जब्त शराब के साथ आबकारी अमला।


आबकारी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 1337 प्रकरणों में कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक स्प्रिट 2.160 लीटर, देशी मदिरा 227.53 लीटर, कच्ची (महुआ शराब) 4199.920 लीटर एवं 12410 किलोग्राम महुआ लहान जब्त कर कार्यवाही की गई है। उक्त कार्रवाई 1 अप्रैल से 31 दिसंबर के बीच की गई है।

## सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुढाली निवासी सूरज पिता रामशंकर तांबेकर उम्र 29 साल द्वारा ग्राम कड़ारी मे फेसबुक के माध्यम से महिला एवं बच्चों की अश्लील विडियो को सोशल मिडिया में अपलोड कर वायरल करने वरिष्ट कार्यालय के माध्यम से सायबर टीप लाईन क्रमांक 137055823 प्राप्त होने पर धारा 67 बी आई टी एक्ट 14(1) पाक्सो एक्ट कायम कर



विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रफूल्ल कुमार ठाकूर, एएसपी पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा से आवश्यक दिशा निर्देश पर एक फरार आरोपी को उसके घर ग्राम मुढ़ाली से आरोपी सूरज पिता रामशंकर तांबेकर उम्र 29 साल निवासी मुढाली थाना हरदीबाजार जिला कोरबा के विरूध्द कार्यवाही करते हुये 8 जनवरी को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया।

# एसईसीएल करेगा 35 करोड़ की लागत से हेल्थकेयर स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य के कोल बेल्ट में स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगारपरक कौशल विकास को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 7 जनवरी को हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत नवा रायपुर छत्तीसगढ़ में 35.04 करोड़ की लागत से एक आधुनिक हेल्थकेयर स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह परियोजना एसईसीएल की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत संचालित होगी।

अलग खबर

यह संस्थान सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित युवाओं को निःशुल्क और रोजगारोन्मुख स्वास्थ्य प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यहां नर्सिंग असिस्टेंट, मेडिकल टेक्नीशियन तथा अन्य सहयोगी स्वास्थ्य क्षेत्रों में कौशल विकास किया जाएगा, जिससे न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण और कोयला प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी। प्रस्तावित परिसर में शैक्षणिक भवन, छात्रावास, स्टाफ आवास एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचनाएं विकसित की जाएंगी। एसईसीएल के परिचालन जिलों के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अगले 25 वर्षों तक प्रतिवर्ष प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों में से कम से कम 20 प्रतिशत सीटें इन्हीं जिलों के लिए आरक्षित रहेंगी, जिसे प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकेगा। यह एमओयू एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समझौते पर एसईसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) सीएम वर्मा तथा श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी विवेक नारायण गौर ने हस्ताक्षर किए। एसईसीएल और श्री सत्य साईं ट्रस्ट पहले से ही एसईसीएल की धड़कन स्वास्थ्य पहल के अंतर्गत साझेदारी कर रहे हैं, जिसके तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की निःशुल्क सर्जरी कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 180 से अधिक सफल जीवनरक्षक सर्जरी की जा चुकी हैं, जिससे कोयला क्षेत्रों के कई जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, अधोसंरचना और सामुदायिक कल्याण के लिए अब तक 850 करोड़ से अधिक की राशि सीएसआर के तहत व्यय की है।

### श्री सत्य साईं ट्रस्ट के साथ की साझेदारी

**खास बातें**

- सामाजिक आर्थिक रूप से वंचित युवाओं को नि :शुल्क और रोजगारोन्मुखी स्वास्थ्य प्रशिक्षण मिलेगा



## खबर संक्षेप

### मनरेगा नाम परिवर्तन को लेकर कांग्रेस का धरना कल

**कोरबा।** केंद्र सरकार के द्वारा मनरेगा का नाम परिवर्तन किए जाने पर कांग्रेसी आक्रोशित हैं। उनके द्वारा पूरे क्षेत्र में जन जागरण अभियान चलाने का कार्यक्रम बनाया गया है। जिले में 11 जनवरी को धरना दिया जाएगा, जिसकी तैयारी कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान व शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर के द्वारा की जा रही है। इनका कहना है कि कांग्रेस सरकार ने मजदूरों को आगे बढ़ाने के लिए मनरेगा शुरू किया था। अब मनरेगा के नाम को बदल दिया गया है। जब से भाजपा की सरकार आई है तब से लगातार योजनाओं के नामों में परिवर्तन हो रहे हैं। मनरेगा को लेकर पिछले दिनों छुरी में भी एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सांसद प्रतिनिधि अशोक देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव, युवक कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री लक्ष्मी कंवर सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे। 11 जनवरी को होने वाले धरना कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह,विशाल शुक्ला, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रभा तंवर, महामंत्री भुवनेश्वरी दास, युवा कांग्रेस के रहमान खान, सद्दाम, कुणाल आजाद सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### पीएम श्री स्कूल के 57 छात्राओं को मिली साइकिलें



**बांकीमोंगरा।** शिक्षा को सुगम बनाने और छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत बांकीमोंगरा में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय हाईस्कूल बांकीमोंगरा में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर बच्चों को साइकिलें प्रदान कीं। कक्षा 9वीं के कुल 57 छात्राओं को नई साइकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और भविष्य में ऊंचा मुकाम हासिल करने की प्रेरणा दी। साइकिल सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि बच्चों के लिए स्कूल पहुंचने का वो साधन है जो उनके समय की बचत करेगा और उन्हें शिक्षा के प्रति और अधिक प्रोत्साहित करेगा। हमारी सरकार निरंतर शिक्षा के स्तर को सुधारने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पार्षद प्रमोद सोना, लोकनाथ सिंह तंवर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीत कैवर्त, प्राचार्य एस.डिडोरे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पालक गण, शिक्षक-शिक्षिकाएं , छात्र - छात्राएं और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

### नवपदस्थ थाना प्रभारी से पत्रकारों ने की सौजन्य मुलाकात

**कुसमुण्डा।** कुसमुंडा थाना में थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पांडे ने पद प्रभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान कुसमुंडा क्षेत्र के



पत्रकारों ने उनसे सौजन्य मुलाकात की। जहां कुसमुंडा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। पत्रकारों के सवाल पर निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय ने बताया कि वे क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने कार्य करेंगे,शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही की जावेगी। थाना प्रभारी से भेंट मुलाकात में इस दौरान ओम गवेल, नागेंद्र विश्वकर्मा, गुरदीप सिंह,मनीष महंत, जितेंद्र साहू, नरेश महंत,ओमकार यादव,कुलदीप साहू,कुलदीप मिरी उपस्थित रहें।

### सूत सारथी समाज की बैठक कल

**कोरबा।** सूत सारथी समाज वनांचल क्षेत्र महा सम्मेलन एवं महर्षि सूत महाराज जयंती ग्राम बेहरचुवा में 11 जनवरी को महर्षि सूत जी महाराज जयंती एवं एक दिवसीय वनांचल क्षेत्र कोरबा ब्लॉक एवं करतला ब्लॉक का सम्मेलन आयोजन किया गया है।

## राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष द्वारा जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

# उचित मूल्य दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व विद्यालयों में मिली अनियमितताओं पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते आयोग के अध्यक्ष।

छग राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने जिले में प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना तथा शासकीय आश्रम एवं छात्रावासों को बीपीएल दर पर प्रदाय खाद्यान्न की व्यापक समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कोरबा जिले में ई-केवाईसी हेतु शेष लगभग 92 हजार सदस्यों को पूर्ण कराने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने उचित मूल्य दुकानों के नियमित संचालन, स्टॉक मिलान तथा सभी संचालकों के प्रदर्शन की अनिवार्यता पर जोर दिया।

पूरक पोषण आहार योजना के संबंध में पोषण ट्रैकर में दर्ज बच्चों का पुनः परीक्षण करने, आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी अनिवार्य सूचनाओं के प्रदर्शन और उपलब्ध बर्तनों के स्टॉक को अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन अंतर्गत प्रति डाइट खाद्यान्न, दाल और सब्जी की मात्रा का स्पष्ट प्रदर्शन तथा प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। शासकीय आश्रम एवं छात्रावासों में फोर्टिफाइड चावल पकाने की विधि का पालन, प्रति छात्र खाद्यान्न की पात्रता की जानकारी तथा खाद्य विभाग के कॉल सेंटर नंबर का प्रदर्शित होना अनिवार्य करने की हिदायतें दी गईं। समीक्षा बैठक के पूर्व आयोग के दल ने उचित मूल्य दुकानों कुकरीचोली, मसान और उरगा का निरीक्षण किया। ग्राम मसान में चावल स्टॉक में कमी पाए जाने पर एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही की अनुशंसा की गई। ग्राम उरगा की दुकान निरीक्षण के दौरान बंद मिलने पर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्र भैसमा और सेमीपाली क्रमांक-2, उरगा के निरीक्षण के दौरान उरगा केंद्र की कार्यकर्ता की अनुपस्थिति तथा आवश्यक सूचनाओं के अभाव पर अध्यक्ष ने अप्रसन्नता व्यक्त की। उरगा केंद्र में बच्चों की अनुपस्थिति पर भी नाराज़गी जताई गई। भैसमा स्थित आश्रम/छात्रावास के निरीक्षण में अध्यक्ष ने प्रति छात्र निर्धारित डाइट के अनुरूप खाद्यान्न, दाल, तेल के उपयोग और फोर्टिफाइड चावल की सही विधि से पकाने के निर्देश दिए। अपर प्राइमरी स्कूल मसान में अध्यक्ष ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन में चावल, दाल और आलू-केला की सब्जी का स्वाद चखा और भोजन की गुणवत्ता को बेहतर बताया। जिला मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश नाग, सदस्य सचिव राज्य खाद्य आयोग राजीव कुमार जायसवाल, खाद्य अधिकारी घनश्याम सिंह कंवर, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग श्रीकांत कसेर, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास जी. डी. सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी टी. के. उपाध्याय, जिला प्रबंधक नान प्रमोद जांगड़े सहित सभी सहायक खाद्य अधिकारी एवं निरीक्षक उपस्थित रहे।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक ने एक साल पूर्व अपनी दूसरी पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास व 100 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत गोमा केरकेट्टा पिता चूका केरकेट्टा 32 वर्ष ने ओमपुर के मकान नंबर 763 में निवासरत सीमा पटेल को अपनी दूसरी पत्नी बनाया था और 27 फरवरी 2025 को किसी बात को लेकर नाराज गोमा केरकेट्टा ने अपनी पत्नी सीमा पटेल पर टांकी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। मामले में पुलिस ने गोमा केरकेट्टा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार नंदे के न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई हुई और गोमा केरकेट्टा के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे आजीवन कारावास व 100 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजन कृष्ण कुमार द्विवेदी ने पैरवी की।

### यात्री प्रतीक्षालय में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**कोरबा।** कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत दीपक में एक अज्ञात ग्रामीण की ठंड के कारण



मृत्यु होने की जानकारी सामने आई है। मृतक के विषय में और जानकारी हासिल की जा रही है। कटघोरा क्षेत्र के कसाई पाली ग्राम में निर्मित यात्री प्रतीक्षालय में एक व्यक्ति मृत हालत में मिला। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु ठंड के कारण हुई है। दीपका पुलिस मृतक के विषय में जानकारी हासिल करने का प्रयत्न कर रही है।

# ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था से बढ़ी कार्यालयीन अनुशासन और पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कलेक्टोरेट के सभी विभागों में समय पालन का दिख रहा असर



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 जनवरी से समस्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आधार आधारित ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य किए जाने के बाद जिले के सभी कार्यालयों में उल्लेखनीय सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। कलेक्ट्रेट में स्वयं कलेक्टर कुणाल दुदावत प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूर्व ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर कार्यालय पहुंच रहे हैं। कलेक्टर के समयपालन का प्रत्यक्ष प्रभाव अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों पर भी दिखाई दे रहा है और अब अधिकांश कर्मचारी समय से पूर्व कार्यालय पहुंचने लगे हैं।

ऑनलाइन उपस्थिति सिस्टम के लागू होने के बाद विभागीय कार्यों में निर्धारित समय पर गति आने लगी है। अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यालय आने एवं जानेकृदोनों समय अपनी उपस्थिति मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से दर्ज करानी अनिवार्य कर दी गई है। कार्यालयों के निर्धारित लोकेशन को आधार बेस सिस्टम में फीड किया गया है, जिससे उपस्थिति केवल कार्यालय परिसर के आसपास रहते हुए ही लगाई जा सकती है। इससे अनाधिकृत अनुपस्थिति, देरी से आने तथा समय पूर्व कार्यालय छोड़ने जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। शासन की इस पारदर्शी व्यवस्था की सर्वत्र सराहना हो रही है। आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की यह प्रमुख शिकायत रहती थी कि कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं रहते और कई अधिकारी दौरे के नाम पर कार्यालय से अनुपस्थित पाए जाते हैं। ऑनलाइन अटेंडेंस के चलते अब ऐसी शिकायतों में भी स्पष्ट कमी आई है और कार्य संस्कृति में सकारात्मक सुधार देखा जा रहा है।

# भूविस्थापितों का महासम्मेलन 12 को एमपी व छग के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के भूविस्थापितों और प्रभावित ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय चर्चा बैठक सह नव वर्ष सम्मेलन का आयोजन 12 जनवरी को किया जा रहा है यह सम्मेलन जिले के गेवरा क्षेत्र स्थित नराईबोध भूविस्थापित भवन में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के बैनर तले आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रोजगार उचित मुआवजा पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं जैसी जायज मांगों को लेकर चल रहे संघर्ष को और अधिक मजबूत बनाना है समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन के साथ होने वाली आगामी वार्ताओं और कानूनी लड़ाइयों के लिए एक ठोस कार्ययोजना और साझा प्रस्ताव तैयार करना समय की मांग है। एसईसीएल के सीएमडी और बोर्ड मेंबर्स के सीधी वार्ता का आयोजन कर उनके समक्ष रखे जाने वाले प्रमुख मांगों में लंबित प्रकरणों रोजगार और पुनर्वास की समस्याओं पर सामूहिक रणनीति बनाना, आगामी दिनों में बिलासपुर मुख्यालय कोल इंडिया कोलकाता और कोयला मंत्रालय नई दिल्ली में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करना, भूविस्थापितों के हितों की रक्षा के लिए चर्चा हेतु सक्षम प्रतिनिधियों का चुनाव शामिल है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बताती निवासी संजय एक्का पिता कुलदीप एक्का ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 7 जनवरी को उसके बड़े पिता फुलजेंस एक्का के घर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखे आलमारी से सोने का सिक्का, सोने का मंगलसूत्र, सोने का चैन, सोने का अंगूठी, सोने की बाली सहित अन्य सामनों की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के रजकम्मा में घटित हुई है। यहां निवासरत प्रभारी प्रचार्य ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है कि 31 दिसंबर 2025 को स्कूल में पढने वाले बच्चे स्कुल में चोरी होने की सूचना दी। प्राचार्य जब स्कूल पहुंचे और उनके साथ विनोद कुमार जायसवाल स्कूल पहुंचे।

# दूसरी युवती से पति करता था बात, नव विवाहिता ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के सेंद्री दफाई सुराकछार का मामला

एक युवक एक्सर मोबाइल पर दूसरी युवती से बातचीत किया करता था। जब उसकी हरकतों के बारे में उसकी नव विवाहिता पत्नी को पता चला तो उसने ऐसा न करने के लिए बार बार विनती करती रही, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया, बल्कि अपनी पत्नी के साथ मारपीट भी किया करता था।

इससे परेशान होकर नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंद्री दफाई छुराकछार निवासी दयाल रत्नाकर की शादी जिला जांजगीर चांपा निवासी रानी नत्नाकर से वर्ष 2021 में हुई थी। दोनों के दो बच्चे भी हैं। बताया जाता है कि दयाल रत्नाकर पिछले लंबे समय से नैला में निवासरत एक युवती से फोन पर बातचीत किया करता था। जब इसकी जानकारी दयाल की पत्नी रानी को लगी तो उसने अपने पति दयाल को फटकार भी लगाई थी और इसे लेकर दोनों के बीच कई बार मारपीट की घटना भी सामने आई थी। बताया जाता है कि बुधवार को पुनः इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और रानी ने अपने पति दयाल का मोबाइल फोन अपने पास रख लिया था।

जाँजगीर मार्केट
प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थॅयरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# आज रिलीज होगी प्रभास की 'द राजा साब'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब'को लेकर चर्चाओं में हैं। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली 'द राजा साब'को अब रिलीज से एक दिन पहले कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 'द राजा साब'के निर्माताओं को टिकट की कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर राहत प्रदान की है। प्रभास स्टारर 'द राजा साब'9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मारुति द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, संजय दत्त, बोमन ईरानी और रिद्धि कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लाइफ Style



# सारा
## लोकप्रियता में प्रभात-थलापति को पीछे छोड़ा

धुरंधर से सुर्खियों में आईं अभिनेत्री सारा अर्जुन की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ रही है। सारा ने अब लोकप्रियता के मामले में प्रभास और थलापति विजय जैसी हस्तियों को पीछे छोड़ दिया है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर रिलीज के एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है और शानदार प्रदर्शन कर रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म की सफलता से फिल्म के कलाकारों की भी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। सिर्फ रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना ही नहीं, बल्कि फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन को भी धुरंधर की सफलता से फायदा मिला है। तभी सारा इस हफ्ते आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। इस मामले में उन्होंने प्रभास और थलापति विजय जैसे कई बड़े दिग्गजों को पीछा छोड़ा है। आईएमडीबी ने अपनी साप्ताहिक लोकप्रियता रैंकिंग जारी की। ये दुनिया भर के लाखों प्रशंसकों के पेज व्यू और यूजर एंगेजमेंट के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस रैंकिंग में सारा अर्जुन, जो पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थीं, इस बार शीर्ष पर पहुंच गईं। उन्होंने इस मामले में थलपति विजय, प्रभास और अगस्त्य नंदा सहित भारतीय सिनेमा के कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस सफलता का श्रेय काफी हद तक 'धुरंधर' को जाता है। आईएमडीबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'इस सप्ताह की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अपने पसंदीदा सितारों को पहचानें। यह सूची 'पॉपुलर इंडियन सेलेब्रिटीज' द्वारा प्रस्तुत की गई है, जो आईएमडीबी का एक साप्ताहिक फीचर है।

## हॉलीवुड मसाला



# समुद्री डाकू के किरदार में प्रिंयका

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की नई हॉलीवुड फिल्म से उनका लुक सामने आया है। इस बार प्रियंका एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अब इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। अब एक बार फिर वो हॉलीवुड में अपना जलवा बिखेरने वाली है। उनकी आगामी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' से उनका पहला लुक सामने आ गया है। इस फिल्म में प्रियंका के साथ कार्ल अर्बन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# तलाक के बाद ग्वेनेथ पाल्ट्रो को हुआ था बड़ा नुकसान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने अपनी निजी जिंदगी की वजह से अपनी प्रोफेशनल लाइफ में नुकसान उठाया है। इसके बारे में उन्होंने खुलकर बात की है। उन्होंने बताया है कि एक्टर क्रिस मार्टिन से तलाक के कुछ समय बाद ही उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था। तलाक के कुछ ही समय बाद जब उन्होंने फिल्म में अपना रोल खोया, तो ये मामला सुर्खियों में आया। उस समय के बारे में बात करते हुए ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि प्रेस में उनकी निजी जिंदगी के बारे में बहुत बातें हो रही थीं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से फिल्म से जुड़े लोगों ने उन्हें प्रोजेक्ट से हटाने का फैसला किया। उनके मुताबिक, उन्हें लगा कि उनके तलाक की वजह से बनी स्थिति ने फिल्म के लिए चीजें मुश्किल कर दी हैं।



# 25 साल बाद भूत बंगला में अक्षय के साथ

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर जारी किया है। अब उनकी एक और अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया है। यह फिल्म अब 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। इसमें अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 25 साल बाद अक्षय और तब्बू 'भूत बंगला' में फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने पहले इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल, 2026 बताई थी। हालांकि अब यह कन्फर्म हो गया है कि फिल्म एक महीने बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# स्मगलिंग रैकेट को खत्म करने खाई कसम

**मुंबई।** फिल्म 'हक' के बाद इमरान हाशमी अपनी नई सीरीज 'तस्करी- द स्मगलर्स वेब' के जरिए अपने फैंस को एक तोहफा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मेकर्स ने 7 जनवरी को इसका ट्रेलर लॉन्च किया। ट्रेलर में लुका-छुपी का खेल नजर आया है। इसमें तस्कर चीजों को छिपाना अपनी कला मानते हैं, वहीं इमरान हाशमी चीजों को ढूंढने में अपनी महारत समझते हैं। 2 मिनट 29 सेकेंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि इमरान हाशमी एक कस्टम अफसर हैं। उनको सस्पेंड कर दिया गया है। देश के जिम्मेदार देश में तस्करी रोकना चाहते हैं, इसलिए वह उन अधिकारियों की तलाश करते हैं जो ईमानदार हैं। ऐसे में इमरान हाशमी समेत तीन कस्टम ऑफिसर्स का सस्पेंशन रोका जाता है। इसके बाद ये लोग विलेन के रूप में नजर आए शरद केलकर को तस्करी से रोकते हैं।

## टीवी मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के सीक्रेट एपिसोड को लेकर लगने लगी अटकलें

**नई दिल्ली।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का फिनाले एपिसोड हाल ही में दर्शकों ने देखा है। लेकिन, इस एपिसोड को आखिरी एपिसोड नहीं माना जा रहा है। क्या इस सीरीज का आखिरी एपिसोड अभी आना बाकी है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स'की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। हाल ही में इस सीरीज का पांचवां सीजन स्ट्रीम हुआ। आखिरी एपिसोड को देखकर कुछ फैंस निराश भी हुए। लेकिन, अब सोशल मीडिया पर आखिरी एपिसोड को लेकर कई थ्योरी चल रही हैं। इसके बाद से ही यह अटकलें लग रही हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का एक स्पेशल एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिल सकता है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड नेटफ्लिक्स पर 1 जनवरी को भारत में स्ट्रीम हुआ। जबकि यूएस और बाकी जगहों पर यह एपिसोड 31 दिसंबर को दर्शकों ने देखा था। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा था। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का था। आखिरी एपिसोड में सीरीज की लीड कैरेक्टर एलेवन, विलेन वेक्ना को खत्म कर देती है। लेकिन, जिस तरह से वेक्ना का खात्मा हुआ, वह फैंस को निराश कर गया। अब स्ट्रेंजर थिंग्स के फिनाले के बारे में बहुत सारी थ्योरीज चल रही हैं। सोशल मीडिया पर कुछ फैंस का मानना है कि आखिरी एपिसोड में कई ऐसे हिंट है, जो बताते हैं कि इस सीरीज का यह आखिरी एपिसोड नहीं था। फैंस का मानना है कि लीड कैरेक्टर इलेवन जिंदा है या मरी है, इस बात का पता नहीं चल रहा है, ऐसे में लगता है कि सीरीज अभी खत्म नहीं हुई है। इसके अलावा कई फैंस ने फिनाले एपिसोड पर रिसर्च की है, जिससे उन्हें कई और हिंट मिल रहे हैं, जो बताते हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' की कहानी अभी खत्म नहीं हुई।

## नागिन के आते ही फीका पड़ा अनुपमा का जादू

**नई दिल्ली।** 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा है। इसकी टीआरपी 2.2 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। इस सीरियल की पहले से अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इस सीरियल ने भी रिलीज होने के एक हफ्ते के बाद ही टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल 'अनुपमा अक्सर ही टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। लेकिन, पिछले कुछ हफ्तों में इसकी टीआरपी कम हुई। 52वें हफ्ते में इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। टीआरपी लिस्ट में इसे तीसरा स्थान मिला है।



# पुलिसकर्मियों के साथ सोनू ने गुनगुनाया घर कब आओगे गाना




**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' इस महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बीते दिनों इस फिल्म का गाना 'घर कब आओगे' जारी किया गया, जो काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज से पहले हाल ही में सिंगर सोनू निगम ने यह गाना मुंबई पुलिस के लिए मुंबई में आयोजित एक इवेंट में गुनगुनाया। इस इवेंट का आयोजन पुलिसकर्मियों के सम्मान में किया गया था। घर और परिवार से दूर रहकर लोगों की सेवा, देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में मुंबई में बुधवार को एक इवेंट का आयोजित किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों के सम्मान में कई भावुक संगीत प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम में मशहूर सिंगर सोनू निगम भी पहुंचे और उन्होंने फिल्म 'बॉर्डर 2' का गाना 'घर कब आओगे' गाया। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ यह गाना मंच से गुनगुनाया। इस दौरान मुंबई पुलिस के म्यूजिक बैंड ने संगीत पेश किया। फिल्म 'बॉर्डर 2', क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है।

# राजा शिवाजी से लेकर वी शांताराम और ईथा तक इस साल रिलीज होंगी ये बायोपिक फिल्में...

**नई दिल्ली।** इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इनमें रितेश देशमुख की राजा शिवाजी से लेकर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर जैसे सितारों से सजी कई अन्य दिग्गजों की बायोपिक फिल्में भी शामिल हैं। साल 2026 के शुरू होते ही फिल्मों की घोषणा और रिलीज डेट भी सामने आने लगी है। साल की शुरुआत ही बॉलीवुड फिल्म इक्कीस की रिलीज के साथ हुई। इसके अलावा साल के पहले ही महीने यानी जनवरी में ही कई फिल्में रिलीज होनी है। हर साल की तरह 2026 में भी अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में देखने को मिलेंगी। इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।







**राजा शिवाजी** : मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर कई फिल्में बन चुकी हैं। अब रितेश देशमुख एक बार फिर छत्रपति शिवाजी महाराज पर एक नई फिल्म बना रहे हैं। इसका नाम राजा शिवाजी है। पिछले दिनों रितेश ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में रितेश देशमुख न सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाएंगे, बल्कि फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी खुद ही किया है। फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। वहीं, फिल्म की कास्ट भी काफी बड़ी है। इसमें रितेश देशमुख के अलावा संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, जेनेलिया देशमुख, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान और जितेंद्र जोशी सरीखे कलाकारों के नाम शामिल हैं। राजा शिवाजी 1 मई को रिलीज होनी है।

**वी. शांताराम** : दिग्गज फिल्म निर्माता वी. शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। वो वी. शांताराम का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म का निर्माण अभिजीत शिरीष देशपांडे कर रहे हैं। फिल्म में वी. शांताराम के मूक फिल्म युग से लेकर रंगीन सिनेमा के आगमन तक के सफर को दिखाया जाएगा। फिल्म में तमन्ना भाटिया भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन इसके इसी साल रिलीज होने की संभावना है।

**ईथा** : ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की बायोपिक है। फिल्म में श्रद्धा कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी, जो विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म का निर्देशन छावा का निर्देशन करने वाले लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। रणदीप हुड्डा फिल्म में लीड एक्टर के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

## एक बेहद खूबसूरत हीरोइन, आजीवन रही कुंवारी

# 53 साल की उम्र में की सगाई, फिर भी नहीं हो सकी शादी

*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में पर्दे पर तो हमने कई प्रेम कहानियां देखी हैं। आम तौर पर इन कहानियों का अंत सुखद ही रहता है। लेकिन, इस चकाचौंध भरी दुनिया में कुछ प्रेम कहानियां ऐसी भी हुईं, जो अधूरी रह गईं। एक ऐसी ही प्रेम कहानी है तीन दशकों तक बॉलीवुड में अपनी अदाकारी और खूबसूरती से सबक दिल जीतने वाली नंदा की। उनका असली नाम नंदिनी कर्नाटकी था। 8 जनवरी 1939 को वह मराठी फिल्मों के दिग्गज डायरेक्टर-प्रोड्यूसर और एक्टर विनायक दामोदर कर्नाटकी के घर पैदा हुई थीं। नंदा को 30 साल से अधिक के कॅरियर में छोटी बहन, धूल का फूल, भाभी, काला बाजार, कानून, हम दोनों, जब जब फूल खिले, इत्तेफाक और प्रेम रोग जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। ये कहानी है खूबसूरत नंदा और दिग्गज फिल्ममेकर मनमोहन देसाई की अधूरी प्रेम कहानी की। नंदा आजीवन अविवाहित रहीं। उन्होंने कभी शादी नहीं की थी। लेकिन, एक समय था जब मनमोहन देसाई उन पर जान छिड़कते थे। दोनों शादी करने वाले थे। लेकिन, इससे पहले कि यह प्यार आगे बढ़ता, मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*



### मास्टर विनायक की बेटी थीं

नंदा पैदा तो शो-बिजनेस परिवार में हुई थीं, लेकिन उनके पिता की 41 साल की उम्र में ही मृत्यु हो गई, तब वह महज 7 साल की थीं। वह नंदा के पिता मास्टर विनायक ही थे, जिन्होंने लता मंगेशकर को फिल्म इंडस्ट्री में इंट्रोड्यूस किया था। उनके निधन के बाद नंदा के परिवार को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वह एक बाल कलाकार बन गईं और 1950 के दशक की शुरुआत में फिल्मों में डेब्यू किया, ताकि परिवार की मदद कर सके।

### पिता की मौत, 6 भाई बहनों की जिम्मेदारी

फिल्मों में काम करने की वजह से नंदा की पढ़ाई पर भी असर पड़ा। वह फिल्मों में काम करतीं, कमातीं और अपने छह भाई-बहनों का सहारा बनीं। नंदा जब अपने स्टारडम के चरम पर थीं, तब 1965 में 'जब जब फूल खिले' की शूटिंग के लिए कश्मीर गई थीं। डायरेक्टर सूरज प्रकाश बताते हैं कि एक महाराष्ट्रीयन लेफ्टिनेंट कर्नल एक्ट्रेस पर फिदा थे। उन्होंने नंदा की मां को शादी का प्रपोजल भी भेजा।

### पत्नी की मौत के बाद अकेले हो गए

पत्नी की मौत के बाद मनमोहन देसाई एकबार फिर से अकेले हो गए। कुछ साल बाद यश जौहर ने नंदा और मनमोहन देसाई की शादी की बात चलानी शुरू की। लेकिन ,सबसे बड़ा सवाल था कि नंदा से बात कैसे की जाए? आखिरकार एक दिन यश जौहर ने नंदा की पक्की सहेली वहीदा रहमान के पास गए और उन्होंने मनमोहन देसाई के दिल का हाल बताया। शुरू में तो वहीदा रहमान ने मना कर दिया। लेकिन, फिर उन्होंने अपने घर पर एक लंच पार्टी रखी और उसमें नंदा को इनवाइट किया। यश जौहर और मनमोहन देसाई को भी बुलाया।

### फिर कभी नहीं की शादी

नंदा ने अपना बाकी जीवन मुंबई में अपने घर में गुजारा। वह परिवार और बहुत करीबी दोस्तों से ही मिलती थीं। फिल्म इंडस्ट्री से उनके करीबी दोस्तों में वहीदा रहमान, नरगिस, आशा पारेख, हेलेन, सायरा बानो, माला सिन्हा, साधना, शकीला और जबीन जलील थीं। 25 मार्च 2014 को 75 साल की उम्र में मुंबई के वर्सोवा स्थित अपने घर में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

***शादी से पहले दुर्घटना** : आखिरकार, बात बनी। साल 1992 में नंदा ने मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। मगर अफसोस, नंदा और मनमोहन देसाई शादी के बंधन में बंध पाते, उससे पहले ही साल 1994 में मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*

### नंदा और मनमोहन की अधूरी प्रेम कहानी

नंदा और मनमोहन देसाई की इश्क की दास्तान 1992 में शुरू हुई। वहीदा रहमान के कहने पर अधेड़ उम्र की नंदा ने डायरेक्टर मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। लेकिन, जल्द ही उनकी मौत हो गई। नंदा तब 53 साल की थीं और मनमोहन देसाई 55 साल के। वह 1994 में गिरगांव में अपने किराए के फ्लैट की छत से गिर गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस रेलिंग पर वह झुके हुए थे, वह टूट गई थी। इसके बाद नंदा अविवाहित ही रहीं।

### नंदा को बहुत पहले से बेहद पसंद करते थे देसाई

मनमोहन देसाई को बहुत पहले से ही नंदा को बहुत पसंद करते थीं। वह अक्सर एक्ट्रेस से मिलने और उनके पास जाने का बहाना ढूंढते थे। लेकिन, बात नहीं कर पाते थे। शशि कपूर जानते थे कि मनमोहन देसाई नंदा को बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने ये बात नंदा को भी बताई। नंदा को भी मनमोहन देसाई पसंद थे। लेकिन, वो अपनी तरफ से कोई पहल नहीं करना चाहती थीं।

## खबर संक्षेप

### ज्ञानदीप हायर सेकेण्डरी स्कूल में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय डाक विभाग बिलासपुर संभाग द्वारा ज्ञानदीप हायर सेकंड्री स्कूल जांजगीर में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु विशेष आधार शिविर का आयोजन शनिवार 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। जिसमें समस्त आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार/अपडेशन (पता, मोबाईल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि) का कार्य करवा सकते हैं। चूंकि बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अति आवश्यक है अतः अपने बच्चों का भी निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते हैं। आम नागरिक से शिविर का लाभ उठाने अपील की गई है।

### भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री बने शिव चमन

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने गुरुवार



को अपनी कार्यकारिणी घोषित की, जिसमे उन्होंने भाजपा के सक्रिय युवा कार्यकर्ता शिव चमन ठाकुर को जांजगीर चाम्पा जिले का महामंत्री बनाया है। शिव लगभग पच्चीस वर्षो से पार्टी से जुड़े हुए है। उनकी छवि पार्टी मे निष्ठावान कार्यकर्ता की है वे पूर्व मे भी पार्टी के विभिन्न दायित्वो का निर्वहन कर चुके है। उनकी नियुक्ति पर उन्होंने संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### घिवरा में अखण्ड राम नाम सप्ताह महायज्ञ 19 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम घिवरा में सोमवार 19 जनवरी को अखण्ड राम नाम सप्ताह महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। ग्राम घिवरा निवासी रुक्मणी रामेश्वर तिवारी ने बताया कि राम नाम सप्ताह यज्ञ के आयोजन को लेकर पूरे गांव में उल्लास और आस्था का अद्भुत समागम देखने को मिल रहा है। ग्रामवासियों के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### ग्राम पंचायत किकिरदा में अखण्ड नवधा रामायण 22 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक के पास में अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार 22 जनवरी को होगा। इस संबंध में विशंभर पटेल ने बताया कि अखंड नवधा रामायण का आयोजन गुरुवार 22 जनवरी से रखा गया है, जिसका समापन 1 फरवरी रविवार को होगा। अखंड नवधा रामायण महायज्ञ की आवश्यक तैयारियां ग्रामवासियों के द्वारा की जा रही है।

### साहू समाज तहसील जैजैपुर के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए नरसिंह



**हसौद।** जिले में साहू समाज के पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत जैजैपुर तहसील का निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। निर्वाचन में सर्वसम्मति से नरसिंह साहू को तहसील अध्यक्ष चुना गया। उनके निर्विरोध निर्वाचन पर समाजजनों में हर्ष का माहौल देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष नरसिंह साहू ने कहा कि समाज ने उन्हें जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग से संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए समाज को प्रगति और उन्नति की दिशा में आगे ले जाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।निर्वाचन में गौरीलाल साहू तहसील उपाध्यक्ष, राधा साहू तहसील उपाध्यक्ष, जगदीश प्रसाद साहू तहसील संगठन सचिव तथा भुनेश्वरी साहू तहसील संगठन सचिव पद पर भी निर्विरोध रूप से चयनित हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आगामी 11 जनवरी को औपचारिक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।इस अवसर पर तहसील साहू संघ जैजैपुर के वरिष्ठ पदाधिकारी, सामाजिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में साहू समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने पीडीएस दुकान, आंगनबाड़ी व छात्रावास का किया निरीक्षण

# अभियान चलाकर बचे 50 हजार सदस्यों का ई-केवाईसी करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा द्वारा शुक्रवार को सक्ती जिले में प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट स्थिति सभाकक्ष में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना तथा शासकीय आश्रम व छात्रावास को बीपीएल दर पर प्रदाय खाद्यान्न सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक में अध्यक्ष संदीप शर्मा द्वारा सक्ती जिले में ई-केवाईसी हेतु शेष 50 हजार सदस्यों का विशेष अभियान चलाकर ईकेवाईसी पूर्ण कराने, उचित मूल्य दुकानों में सभी सूचना के प्रदर्शन, स्टॉक का मिलान तथा शासकीय उचित मूल्य दुकानों के नियमित खुलने की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किए। पूरक पोषण आहार योजना के संदर्भ में पोषण ट्रेकर में दर्ज पंजीकृत बच्चों के पुनः परीक्षण करने, आंगनबाडी केन्द्रो में सभी सूचनाओं के प्रदर्शन के निर्देश दिए गए। जिले के सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत प्रति डाईट खाद्यान्न दाल, सब्जी आदि की मात्रा प्रदर्शित करने तथा इसके क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। जिला मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग राजीव कुमार जायसवाल, जिला खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह के साथ सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग, महिला एंव बाल विकास विभाग अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिला प्रबंधक नान तथा जिले के समस्त सहायक खाद्य अधिकारी तथा खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे। खाद्य आयोग के अध्यक्ष और टीम ने शासकीय उचित मूल्य दुकान सहित विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण। कलेक्टर कार्यालय में समीक्षा बैठक के पूर्व राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा और उनके दल द्वारा उचित मूल्य दुकान मालखरौदा और अडभार का अवलोकन किया गया तथा खाद्यान्न के सैंपल प्रदर्शित करने, एपीएल और बीपीएल चावल के स्टॉक को पृथक रखने के निर्देश आयोग के अध्यक्ष द्वारा दिए गए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते छग राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा।

आंगनबाडी केन्द्र, बीरभांठा क्रमांक 2 का भी निरीक्षण आयोग के दल द्वारा किया गया, जिसमें फोर्टिफाइड चावल के पकाने की विधि की जानकारी दी गई। साथ ही मालखरौदा में स्थित अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान भोजन चखकर भी आयोग के अध्यक्ष द्वारा देखा गया एवं अधीक्षक के कार्यो को बेहतर बताया। अध्यक्ष द्वारा अपर प्राईमरी स्कूल, मालखरौदा के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन में प्रति डाईट पात्रतानुसार चावल, दाल, खाद्य तेल और सब्जी को बनाये रखने तथा जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में फोर्टिफाईड चावल को पकाने की सही विधि के प्रचार के निर्देश भी दिए। उन्होंने मालखरौदा मिडिल स्कूल में पेयजल की व्यवस्था, आंगनबाडी केन्द्र बीरभांठा मे विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था के निर्देश दिए।

# डीपीएस ने किया जिला स्तरीय अंडर-14 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



अतिथि के हाथों ट्राफी एवं पुरस्कार राशि प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन रायपुर के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले

- भालेराय मैदान में हुआ फाइनल मुकाबला

में दिल्ली पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने खेल भावना एवं अनुशासन का परिचय देते हुए इतिहास रचा।

रोमांच से भरपूर फाइनल मुकाबले में डी.पी.एस. चांपा ने ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल जांजगीर को 12 रनों से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबला भालेराव स्टेडियम में खेला गया। ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल जांजगीर के आमंत्रण पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डी.पी.एस. चांपा की टीम ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए 198 रनों का मजबूत और चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। डी.पी.एस. की बल्लेबाजी में शिवेश मिरी ने शानदार 52 रनों की निर्णायक पारी खेलकर टीम की जीत की नींव रखीं, वहीं आकाशधर दीवान ने उपयोगी 23 रन, जबकि अंकित तिवारी ने महत्वपूर्ण 15 रनों का योगदान देकर स्कोर को मजबूती प्रदान की। गेंदबाजी में भी डी.पी.एस. का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ़ रहा। टीम के कप्तान शौर्य बरेलिया, रिषभ साहू, आदर्श मिश्रा एवं मो. फैजुर रहमान की सधी और घातक गेंदबाजी के सामने ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल की बल्लेबाजी पूरी तरह लड़खड़ा गई। 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, जाँजगीर की टीम डी.पी.एस. की कसी और सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम महज 186 रन पर ऑल-आउट हो गई। इस प्रकार दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा ने 12 रनों से फाइनल मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ डी.पी.एस को प्रथम पुरस्कार के रूप में चेक के माध्यम से 25 हजार की नकद राशि एवं विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं उपविजेता ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल जांजगीर को 15 हजार की राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। टीम की इस ऐतिहासिक सफलता में सभी खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा। व्यक्तिगत पुरस्कारों में रिषभ साहू को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में शानदार नेतृत्व, अनुशासन और ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए कप्तान शौर्य बरेलिया को मैन ऑफ द सीरिज का विशेष सम्मान प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले के अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा विद्यालय के उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, डी.पी.एस. चांपा की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

## पर्यटन मंत्रालय ने मांगी जानकारी,कौशल्या जन्मभूमि 'कोसला' से भेजा गया पत्र



**पामगढ़।** माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला धाम को केंद्र सरकार के प्रसाद योजना में शामिल करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को पिछले महिनों पत्र भेजा गया था, जिस पर केंद्र सरकार की ओर से पामगढ़ जनपद के माध्यम से एक रिपोर्ट मांगी गई, जिसपर कोसला पंचायत सचिव एवं कोसला धाम वासियों द्वारा जनपद अधिकारी को कौशल्या जन्मभूमि 'कोसला' का 91 पृष्ठीय सम्पूर्ण एतिहासिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर कोसला धाम के वरिष्ठ नागरिक भूतपूर्व सरपंच दुर्गेश्वर तिवारी, नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष इतिहासकार डॉ. शांति कुमार कैंवर्त्य, पंचायत अधिकारी देवी प्रसाद कौशिक, अवधेश कुमार साहू, उदल कश्यप, गौरव तिवारी मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा मृत्यु को भी मंगलमय बनाने वाली : राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम तरौद में चंदेल परिवार के द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन व्यासपीठ से आचार्य राजेंद्र महाराज ने श्रीकृष्ण अवतार की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और पाप का भार बढ़ता है,

- व्यास आचार्य ने श्रीकृष्ण अवतार की कथा का भावपूर्ण किया वर्णन

तब धर्म की रक्षा एवं अधर्म के नाश के लिए भगवान अवतार लेते हैं। द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण के रूप में नारायण का पूर्ण अवतार हुआ, जिन्होंने अपनी लीलाओं के माध्यम से धरती से पाप का भार उतारा। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा मृत्यु को भी मंगलमय बनाने वाली तथा संसार का सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है, जो मनुष्य को पुण्य और पूर्वजों के



श्रीकृष्ण अवतार कथा के दौरान उपस्थित ब्यास आचार्य राजेन्द्र महाराज एवं श्रद्धालु।

आशीर्वाद से प्राप्त होती है।उन्होंने कहा कि अजामिल पाप कर्मों के कारण अधोगति को प्राप्त हो रहा था, किंतु मृत्यु के समय भयवश अपने पुत्र 'नारायण' का नाम लेने से भगवान नारायण ने उसकी पुकार सुन ली और अपने पार्षदों को भेजकर न केवल उसकी प्राण-रक्षा की, बल्कि उसे नर्कगमन से भी बचाया। आचार्य ने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण और जप आत्मकल्याण का सर्वोपरि साधन है। दान की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि राजा बलि द्वारा वामन भगवान को तीन पग भूमि दान करने पर भगवान ने पहले पग में स्वर्ग और दूसरे में पृथ्वी नाप ली। तीसरे पग के लिए राजा बलि ने अपना मस्तक अर्पित कर दिया। अपने सर्वस्व समर्पण से भगवान भी राजा बलि के ऋणी बने और उन्हें चिरंजीवी होने का वरदान देते हुए सदा रक्षा का आश्वासन दिया। कथा श्रवण करने डॉ. श्रीमती प्रतिभा सिंह एवं डॉ. अनुराग सिंह सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## पौने चार करोड़ की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

**जांजगीर-चांपा।** विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश ने पौने चार करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। विधायक श्रीमती हरवंश ने ग्राम पकरिया से रीवापार तक पहुंच मार्ग 1 करोड़ 13 लाख रुपए, मुड़पार (ब) से मुरली गांव की ओर पहुंच मार्ग लागत 1 करोड़ 87 लाख रुपए एवं ग्राम पंचायत सेमरिया में 43 लाख रुपए की लागत राशि से बनने वाले विभिन्न सीसी रोड के साथ निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया।विधायक शेषराज हरवंश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह भूमिपूजन निश्चित रूप से इन गांवों के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। किसी भी गांव को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आवागमन की समुचित व्यवस्था प्रदान करना ही मुख्य आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि गांवो में पहुंच मार्ग निर्माण होना उनके विकास को निश्चित रूप से गति प्रदान करेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नवल सिंह, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष नीरज खूंटे, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मानेश जांगड़े,जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू,कोमल ब्रह्मभट्ट,पकरिया सरपंच प्रमिला सत्यटोंड़े, जनपद सदस्य रजनी दीपक साहू, रीवापार सरपंच नीता संजय कुर्रे, मुड़पार सरपंच दिलेश्वरी जाहिर, जनपद सदस्य राजू राय, सेमरिया सरपंच निर्मला साहू ,जनपद सदस्य जयंती पाल, उपसरपंच राजकुमार सांडे, लिंकन, प्रह्लाद देवांगन सहित ग्रामीणजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पूर्व विधायक ने श्रद्धालुओं को सनातन संस्कृति के बारे में दी जानकारी



**बाराद्वार।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत बाराद्वार अंतर्गत मुक्ता राजा में ग्रामवासियों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने कार्यक्रम में शामिल होकर व्यासपीठ से पंडित प्रेम शंकर चौबे का आशीर्वाद प्राप्त किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को सनातन संस्कृति के बारे में विस्तार से बताते हुए हिन्दुओं को संगठित रहने का आग्रह करते हुए संबोधित किया। इस पावन अवसर पर नगर पंचायत बाराद्वार अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, पार्षद अजय सिंह राजपूत, पार्षद श्रीमती अंजुलता कुर्रे,पार्षद ओम प्रकाश कुर्रे,पूर्व पार्षद मैग्नू भैना, रविन्द्र खांडे , शांति लाल बरेठ सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री नोवेल मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रभारी नियुक्त

**सक्ती।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिग्गजों को जिलेवार पत्रकार वार्ता के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नावेल कुमार वर्मा को एमसीबी जिला का प्रभार दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिला



मुख्यालय में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रथम चरण में जिला स्तरीय पत्रकरवार्ता हेतु प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के निर्देशानुसार पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नोवेल कुमार वर्मा को मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का प्रभार दिया गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि प्रदेश कांग्रेस में लगातार नोवेल वर्मा को जिम्मेदारी सौंपना उनके राजनीतिक भविष्य के लिए अच्छी खबर साबित होगी। श्री वर्मा पूर्व मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज स्व भवानी लाल वर्मा के राजनीतिक विरासत को विगत चार दशक से लगातार संभाल रहे हैं।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बने इंजीनियर रवि पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त करते हुए किसान हितों को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से जिले के युवा नेता इंजी. रवि पाण्डेय को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा उन्हें सौंपी गई है।

इंजीनियर रवि पाण्डेय लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं और अपनी सक्रियता, स्पष्ट विचारधारा एवं जमीनी पकड़ के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने किसान समस्याओं, ग्रामीण विकास, सिंचाई, बिजली, सड़क और तकनीकी समाधान जैसे विषयों पर लगातार कार्य किया है। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में इंजीनियर रवि पाण्डेय अब प्रदेश स्तर पर किसानों



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बनने के बाद श्री पांडेय को बुके भेंट कर बधाई देते कार्यकर्ता।

की समस्याओं, सरकारी योजनाओं की जानकारी, उपलब्धियों और नीतियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही वे मीडिया एवं सामाजिक मंचों के माध्यम से किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर पार्टी का पक्ष मजबूती से रखेंगे। अपनी नियुक्ति पर इंजीनियर रवि पाण्डेय ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक को खेतों तक पहुँचाने और किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए वे निरंतर सक्रिय रहेंगे। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही जिलेभर से समर्थकों, किसान संगठनों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाइयां दीं।

# जीआई टैग प्राप्त होने के बाद मिली नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड द्वारा जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले में कार्यरत कोसा बुनकरों के लिए शुक्रवार 9 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से नगर के होटल सुमीत-इन के सभागार में भौगोलिक संकेत (आईजी) प्राधिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुनकरों के मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय

- जागरुकता शिविर में जांजगीर-चांपा, रायगढ़ व सक्ती जिले के 250 से भी ज्यादा बुनकर हुए शामिल

हथकरघा विकास निगम लिमिटेड के सेवानिवृत्त प्रबंध निदेशक कमोडोर राजीव अशोक, चांपा-रायगढ़ हथकरघा कोसा बुनकर कल्याण समिति रायपुर के अध्यक्ष कमल लाल देवांगन, बुनकर सेवा केन्द्र



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण

रायगढ़ के कार्यालय प्रमुख विजय प्र. सावनेरकर, रेशम उत्पादन केन्द्र चांपा के सहायक निदेशक मधुप कुमार चन्दन तथ केन्द्रीय रेशम बोर्ड बिलासपुर के वैज्ञानिक व प्रभारी अशोक कुमार मंचस्थ थे।

समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड के सेवानिवृत्त प्रबंध निदेशक कमोडोर राजीव अशोक ने जीआई पंजीकरण के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 2010 में चांपा सिल्क साड़ी और फेब्रिक्स को जीआई टैग प्राप्त हुआ है जिसने चांपा-रायगढ़ क्षेत्र को नयी पहचान दी। इस उपलब्धि में बुनकर कल्याण समिति रायपुर के अध्यक्ष कमल लाल देवांगन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों द्वारा बुनकरों के आर्थिक सशक्तिकरण, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा जीआई पंजीकरण से मिलने वाले कानूनी अधिकारों पर चर्चा करते हुए बताया कि भौगोलिक संकेतक एक विशेष प्रकार का बौद्धिक संपदा अधिकार है जो किसी वस्तु को उसके भौगोलिक क्षेत्र से जोड़ता है। इसका अर्थ है कि उस वस्तु की गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या विशेषता उस क्षेत्र से जुड़ी हुई है जो यह भी दर्शाती है कि कोई वस्तु किसी विशेष स्थान से उत्पन्न हुई है और उसकी विशिष्टता उसी स्थान की प्राकृतिक या मानवीय कारकों से जुड़ी है जैसे दार्जिलिंग चाय, बनारसी साड़ी व मैसूर सिल्क। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बुनकरों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का भी उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रुप से अनुराग संखवार तथा आशीष सिंह एवं अंत में आभार प्रदर्शन अनुराग संखवार ने किया। कार्यक्रम में अमोदा, सिवनी, चांपा, कुरदा, महुदा, रायगढ़, चंद्रपुर, बिलाईगढ़ सहित जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले से आये 250 से भी ज्यादा बुनकर शामिल हुए।

